कार्यालय आयुक्त
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
छत्तीसगढ़ रायपुर

क्रमांक / आ.ला.पो.मै.छा. / 108–पार्ट / 2019–20 / 7994 रायपुर, दिनांक 20-11-19

**वर्ष 2019–20 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12वी से उच्चतर) के आवेदन हेतु विज्ञप्ति**

छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक आदि के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2019–20 हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति **(कक्षा 12वी से उच्चतर)** के आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही **http://mpsc.mp.nic.in/CGPMS** वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।

जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों के पंजीयन एवं संस्थाओं को प्रस्ताव / स्वीकृति लाक करने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2019–20 में निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गई है :–

| क | प्रकिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | विद्यार्थी द्वारा आनलाइन आवेदन हेतु(नवीन एवं नवीनीकरण) | दिनांक 21.11.19 से 20.12.19 तक |
| 2 | Draft Proposal Lock करने हेतु | दिनांक 21.11.19 से 30.12.19 तक |
| 3 | Sanction Order Lock करने हेतु | दिनांक 21.11.19 से 10.01.20 तक |
| 4 | संस्थाओं द्वारा KYC जमा करने हेतु | दिनांक 20.01.20 तक |

निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2019–20 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जावेंगे एवं draft proposal अथवा sanction order lock करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जायेगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे।

(मुकेश कुमार बंसल)
संचालक
आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास
रायपुर, छत्तीसगढ़

डॉ. राजेश राय
छा.प्र.

Scanned by CamScanner